**खबर संक्षेप**

### पटाखा गोदामों में मिली अनियमितता, दो गोदाम सील

**मण्डला।** जिला प्रशासन के निर्देश पर शुक्रवार 15 मई को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम चटुआमार एवं ग्राम बिनेका स्थित पटाखा गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों गोदामों में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गोदामों को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम एवं थाना प्रभारी शफीक खान भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने गोदामों के स्टॉक एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि ग्राम चटुआमार स्थित लाइसेंसधारी श्री मुकेश रहदवानी तथा ग्राम बिनेका स्थित लाइसेंसधारी श्री दिनेश पमनानी के गोदामों में भौतिक स्टॉक का संधारण स्टॉक रजिस्टर के अनुरूप नहीं था। अधिकारियों के अनुसार यह विस्फोटक नियम 2008 एवं लाइसेंस की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है।जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मौके पर ही दोनों गोदामों को सील कर दिया गया। साथ ही संबंधित लाइसेंसधारियों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। एसडीएम श्रीमती सिडाम ने कहा कि जिले में पटाखा गोदामों एवं विस्फोटक सामग्री के भंडारण की लगातार निगरानी की जा रही है तथा सुरक्षा मानकों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना प्रभारी शफीक खान ने भी कहा कि जन सुरक्षा से जुड़े मामलों में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने जिले के सभी पटाखा लाइसेंसधारियों को निर्देशित किया है कि वे विस्फोटक नियमों एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें। नियम विरुद्ध भंडारण अथवा अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कन्हरगांव में जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ

**मण्डला।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहयोग से नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा ग्राम पंचायत कन्हरगांव में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शनिवार को जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कन्हरगांव की सरपंच श्रीमती तारा सूरेखिया, पंचायत सचिव श्रीमती सपना सरोते, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार यादव, सचिव शिवशंकर दुबे, पोस्टमास्टर, आंगनवाड़ी सहायिका रुचि पटेल, समूह सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### अब "पहाड़ेश्वर शनि देव" के नाम से जाने जाएंगे नक्खी माई के शनिदेव

**मण्डला।** अब "पहाड़ेश्वर शनि देव" के नाम से जाने जाएंगे नक्खी माई के शनिदेव मंडला जिले के बकोरी स्थित नक्खी माई मंदिर परिसर में विराजित शनिदेव का नामकरण अब "श्री पहाड़ेश्वर शनिदेव महाराज" के रूप में किया गया है। यह नामकरण आचार्य श्री नीलू महाराज द्वारा शनि जयंती के पावन अवसर पर विशेष पूजन-अर्चन एवं विधि-विधान के साथ सम्पन्न किया गया । पहाड़ी क्षेत्र में शनिदेव के विराजमान होने के कारण यह नाम "पहाड़ेश्वर शनिदेव" निर्धारित किया गया है, और अब से श्रद्धालु उन्हें इसी नाम से जानेंगे। शनि जयंती (16 मई) के अवसर पर मंदिर परिसर में महा शनि यज्ञ एवं नामकरण समारोह का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस दौरान प्रातः 12 बजे से महा शनि यज्ञ एवं विधिवत पूजन प्रारंभ हुआ, जो पूरे दिन चला। विशेष रूप से शुद्ध देशी गाय के दूध, दही, घी एवं सरसों के तेल से शनिदेव का अभिषेक किया गया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक शनिदेव के 108 नामों का उच्चारण करते हुए सामूहिक अर्चन किया। इसके पश्चात सायं 5 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया तथा रात्रि 8 बजे भव्य महाआरती संपन्न हुई। हिंदू धर्म में शनि भगवान को न्याय के देवता के रूप में पूजा जाता है, जो प्रत्येक व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। विशेष रूप से कलियुग में शनिदेव की पूजा का अत्यधिक महत्व बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से उनकी उपासना करने से जीवन के कष्ट, बाधाएं, शनि दोष एवं ग्रह बाधाएं शांत होती हैं तथा व्यक्ति को सुख-समृद्धि, स्थिरता एवं मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम का आयोजन शनि मंदिर, नक्खी माई मंदिर परिसर, बकोरी में किया गया। उक्त आयोजन के निवेदक डी. के. सिंगौर (शिक्षक, मंडला) हैं, जिन्होंने सभी श्रद्धालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन में सहभागिता एवं पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया था।

## आदि उत्सव के अंतिम दिन लोक संस्कृति के रंग में रंगे मंत्री और सांसद

# लोक नृत्य दलों के साथ जमकर थिरके जनप्रतिनिधि





**मण्डला। आदि उत्सव के दूसरे एवं अंतिम दिन आयोजन स्थल जनजातीय संस्कृति, परंपरा और लोक कला के रंगों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोक कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य एवं गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। मांदर, ढोल और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच पूरा परिसर उत्साह और उमंग से भर उठा।**

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते भी जनजातीय लोक संस्कृति के रंग में रंगे नजर आए। साथ ही इस अवसर पर गुजरात के जनजातीय मंत्री श्री नरेश भाई पटेल की भी विशेष मौजूदगी रही। जनप्रतिनिधियों ने लोक नृत्य दलों के साथ पारंपरिक धुनों पर कदमताल कर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मंत्री और सांसद को अपने बीच पाकर कलाकारों एवं दर्शकों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल तालियों और जयघोष से गूंज उठा। लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में जनजातीय संस्कृति की विविध छटाओं को मंच पर प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे परिधानों और पारंपरिक आभूषणों से सुसज्जित कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य के माध्यम से जनजातीय समाज की परंपराओं, प्रकृति से जुड़ाव, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले लोक नृत्य दलों को मंच से सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रस्तुतियों ने आदि उत्सव को विशेष पहचान प्रदान की है। कलाकारों को सम्मान मिलने पर पूरे परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इसके साथ ही आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी मंच से सम्मानित कर बधाई दी गई।



जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सभी विभागों के आपसी समन्वय, बेहतर व्यवस्थाओं और टीम भावना के कारण आदि उत्सव का सफल एवं भव्य आयोजन संभव हो पाया है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम,



जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेश मिश्रा, श्री वेदप्रकाश कुलस्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती वंदना गुप्ता और संबंधित अधिकारी कर्मचारी और दर्शक मौजूद रहे।

# आदि उत्सव में जीवंत हुई वीरांगना रानी दुर्गावती की वीरगाथा

## सांस्कृतिक दल की प्रस्तुति ने दर्शकों को किया भावविभोर





**मण्डला।**

आदि उत्सव के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक संध्या में संस्कृति विभाग द्वारा सिवनी से आए कलाकार दल ने वीरांगना रानी दुर्गावती के अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान पर आधारित आकर्षक नाट्य प्रस्तुति दी। कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय और प्रभावशाली मंचन से रानी दुर्गावती के जीवन संघर्ष, अकबर की सेना के साथ हुए युद्ध तथा वीरगति प्राप्त करने के प्रसंग को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, बरघाट विधायक श्री कमल मर्सकोले, पूर्व विधायक श्री देव सिंह सैयाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे, प्रशिक्षु आईएएस श्री शैलेंद्र चौधरी सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि आदि उत्सव के माध्यम से जनजातीय इतिहास, संस्कृति और वीरगाथाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कलाकार दल की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कहा कि दल ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से वीरांगना रानी दुर्गावती की गौरवगाथा को मंच पर जीवंत कर दिया। मंत्री श्रीमती उइके ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए 11 हजार रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने उद्बोधन में कहा कि रानी दुर्गावती का बलिदान और शौर्य देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रस्तुतियाँ समाज को अपनी संस्कृति, परंपरा और वीर विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। सांसद श्री कुलस्ते ने कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय और समर्पण की सराहना करते हुए कार्यक्रम को अत्यंत प्रेरणादायी बताया।



### माँ नर्मदा आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ इनर व्हील क्लब मंडला मैकल के कार्यकाल का समापन

**मण्डला।** सामाजिक सेवा, महिला सशक्तिकरण और जनहित कार्यों के लिए निरंतर सक्रिय रहने वाले इनर व्हील क्लब मंडला मैकल ने अपने वर्ष 2025-26 के कार्यकाल का अंतिम प्रोजेक्ट माँ नर्मदा जी की भव्य आरती एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर संपन्न किया। कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समर्पण का सुंदर उदाहरण बना।

क्लब की अध्यक्ष श्रद्धा तपा के नेतृत्व में पूरे कार्यकाल के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए। इस अवसर पर क्लब की पूरी टीम ने माँ नर्मदा की आरती कर समाज की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रद्धा तपा, सचिव सुनीता पमनानी, कोषाध्यक्ष रूबी तपा, आईएसओ प्रिया पमनानी, संपादक आरती बृजपुरिया, उपाध्यक्ष कमला बानी, संयुक्त सचिव किरण पमनानी एवं आईपीपी मोना जैन सहित क्लब की सदस्य आरती तिवारी, अंकिता केशवानी, अनीता चंद्रोल, रितु रॉय आदि उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष श्रद्धा तपा ने कहा कि "इनर व्हील क्लब मंडला मैकल ने पूरे कार्यकाल में तन, मन और धन से समाजसेवा को प्राथमिकता दी। हमारी टीम ने ईमानदारी और सच्ची निष्ठा के साथ हर क्षेत्र में कार्य करते हुए जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास किया। माँ नर्मदा की आरती के साथ कार्यकाल का समापन हमारे लिए आध्यात्मिक संतोष का क्षण है।"

आईएसओ प्रिया पमनानी ने कहा कि "सेवा ही इनर व्हील क्लब की पहचान है। वर्षभर किए गए सामाजिक कार्यों में सभी सदस्यों का सहयोग और समर्पण सराहनीय रहा। भविष्य में भी क्लब इसी तरह समाजहित में कार्य करता रहेगा।"

## परासिया विधानसभा में गहराया जल संकट

# दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में भी मचा हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

भीषण गर्मी के बीच परासिया विधानसभा क्षेत्र इन दिनों गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पीने और दैनिक उपयोग के पानी के लिए दूर-दूर तक भटकने को मजबूर हैं, तो वहीं दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में भी पानी की किल्लत ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हालात ऐसे बन चुके हैं कि शासन-प्रशासन द्वारा जल व्यवस्था को लेकर किए जा रहे दावे जमीनी स्तर पर पूरी तरह विफल नजर आ रहे हैं।



### अरबों खर्च, फिर भी प्यासे लोग

लोगों को नियमित और सुचारु रूप से पानी उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा जल आवर्धन योजना, नल-जल योजना और अमृत योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं पर अरबों-खरबों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। बावजूद इसके हर वर्ष गर्मी के मौसम में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी नल-जल योजनाएं अधूरी पड़ी हैं, जबकि अनेक हैंडपंप गर्मी बढ़ने के साथ सूख चुके हैं।ग्रामीणों का कहना है कि योजनाओं की घोषणा तो बड़े स्तर पर होती है, लेकिन जमीनी अमल बेहद कमजोर है। परिणामस्वरूप लोगों को आज भी मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

### पहाड़ियों और दूरस्थ क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण

परासिया विधानसभा के कई गांवों में हालात बेहद चिंताजनक हैं। ग्रामीण महिलाएं, बुजुर्ग और

### परासिया शहर में 10 से 12 दिनों में मिल रहा पानी

जल संकट केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। परासिया शहर जैसे प्रमुख शहरी क्षेत्र में भी पानी को लेकर भारी संकट बना हुआ है। शहर में कई मोहल्लों में 10 से 12 दिनों के अंतराल में पानी सप्लाई हो रही है। इससे लोगों में भारी नाराजगी है। नागरिकों का कहना है कि अनियमित जलापूर्ति के कारण उन्हें निजी टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है।

# पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण, लगातार शिकायतों के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

**कई दिनों तक नहीं आते नल, जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता से बढ़ी परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी। क्षेत्र में लगातार गहराते पेयजल संकट ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नल-जल व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। कई दिनों तक नल नहीं आने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, समाचार पत्रों में खबरें भी प्रकाशित हुईं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा।ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह अनियमित हो चुकी है। कई-कई दिनों तक नल नहीं आते और जब पानी छोड़ा भी जाता है तो वह पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाता। कई मोहल्लों और वार्डों में लोगों को कुछ ही मिनटों के लिए पानी मिलता है, जिससे उनकी दैनिक जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। भीषण गर्मी के बीच हालात और अधिक खराब होते जा रहे हैं।



### आंदोलन की चेतावनी

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पेयजल आपूर्ति को तत्काल नियमित किया जाए तथा जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।ग्रामीणों का कहना है कि पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अब सभी की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर कब लोगों को इस भीषण जल संकट से राहत मिल पाएगी।

## खबर संक्षेप

### चक्की बेचने की बात पर पति ने पत्नी को पीटा

**चीचली।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम तेंदूखेड़ा छोटा निवासी एक महिला द्वारा अपने पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुये पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि मैं जब अपने घर पर थी और मेरा बडा लड़का हेमंत जो दोनों पैरो से विकलांग है ने घर मे आटा चक्की लगाई है। जिसे बंद करके वह भोपाल चला गया है जो मैंने अपने पति सोवरन ओझा से कहा कि हेमंत तो अब भोपाल चला गया। चक्की बगैर मतलब की रखी हुई है उस चक्की बेच कर उसे पैसा दे दो तो मेरे पति ने चक्की बेचने की बात पर से गुस्सा होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट

**चीचली।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम इमलिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके खेत पडौसी कीरत पटैल से पुराना जमीन का विवाद चल रहा है। बीते हुये दिवस की बात है कि जब प्रार्थी अपने खेत पर था उसी समय कीरत पटैल द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई। झगडा देखकर जब प्रार्थी का बेटा सोनू व पत्नी आये तो उनके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### महिला से की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ डोगागांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम छैनाकछार निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर थी उसी समय गांव का ही रहने वाला रोहित अहिरवारा आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थिया द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा मारपीट करते हुये चोट पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### देवर ने भाभी को नोजल पाईप मारते हुये चोट पहुंचाई

**चीचली।** डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम धमेटा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके पति दो भाई है और दोनो अलग अलग रहते है। प्रार्थिया के पति को ससुर द्वारा दी गई दो एकड़ जमीन में कास्तकारी करते हुये अपना भरण पोषण करते है। बीते हुये दिवस की बात है जब प्रार्थिया अपने पति के हिस्से के खेत में नलकूप से सिंचाई कर रही थी उसी दौरान उसका देवर जितेन्द्र उर्फ जीतू आया और अपनी भारी को गंदी गंदी गालिया देते हुये नोजल पाईप से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बाइक की भिंडत में पति पत्नी घायल

**सांईखेड़ा।** ग्राम बनवारी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे बडे पिताजी का लडका आशीष पिता ओम प्रकाश चौकसे अपनी मोटर साईकिल क्रमांक MP49MR4759 से अपनी पत्नी अपूर्वा चौकसे के साथ गाडरवारा से बनबारी आ रहे थें। उसी दौरान ग्राम देवरी के पास एक सीटी 100 के चालक द्वारा अपनी मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये प्रार्थी के भाई की मोटर साईकिल को टक्कर मारे जाने के कारण प्रार्थी का भाई आशीष चौकसे तथा भाभी अपूर्वा चौकसे के घायल होने के चलते पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम किया है।

# कौरव सेवा समिति ने लगातार तीसरे साल समाज की गौरवशाली प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित










**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

हर समाज में देखा जाता है कि युवा पीढ़ी अपनी मेहनत के बल पर जिस तरह बुलंदियों को छूने का प्रयास करती है और जब सामाजिक बंधुओं के माध्यम से उन्हें सम्मान मिलता है तो निश्चित तौर से उनका मनोबल सातवे आसमान पर पहुंचने से नही चूकता है? इसी बात को ध्यान में रखते हुये कौरव सेवा समिति बीते हुये चार साल से समाज का नाम रोशन करने वालों को सम्मान देने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इसी के चलते कौरव सेवा समिति द्वारा लगातार चौथें वर्ष कौरव समाज के गौरवशाली प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ाने की सोच के चलते प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन नगर के रायल पैलेस भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कौरव समाज से सरकारी नौकरी पाने वाले युवा युवतितयों के आलवा कक्षा दसवी व बारहवी वोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं सहित अपने निजी धंधे को सफलता पूर्वक स्थापित करने वाले समाजिक युवाओं को भी सम्माति करते हुये एक अनोखा संदेश दिया गया। इस तरह कौरव सेवा समिति द्वारा आयोजित किये गये इस कार्यक्रम की जहां सामाजिक लोगों द्वारा सराहना की जा रही है तो दूसरी ओर कौरव सेवा समिति द्वारा शुरू की गई इस अनोखी पहल को लेकर समाज के युवा वर्ग में काफी उत्साह देखा जा रहा है। क्योंकि इस तरह के आयोजन को लेकर कौरव अन्य समाजों की अपेक्षा पीछे दिखाई पड़ रही है तो उस सच्चाई को कौरव सेवा समिति द्वारा समाप्त करते हुये समाज के प्रतिभाओं को एक मंच पर खड़ा किया गया है। कौरव सेवा समिति गाडरवारा द्वारा आयोजित किये गये इस आयोजन में समाज के उन छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया है जिन्होंने शिक्षा सत्र 2025-26 की एम पी वोर्ड व केन्द्रीय कक्षा दसवी व बारहवी की वोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते हुये प्रतिभाशाली बनकर समाज का नाम रोशन किया गया है। वही समाज के उन युवाओं को भी सम्मानित किया गया है जिन्होंने शासकीय सेवाओं में नौकरी प्राप्त करते हुये समाज की गरिमा में चार चांद लगाये गये है। रविवार को नगर के रायल पैलेस में आयोजित किये भव्य कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में मंचाशील ग्वालियर क्षेत्र के पधारे हुये यशवंत सिंह कौरव नन्हाजी, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, ब्रज बिहारी कौरव सूखाखैरी, महेन्द्र सिंह कौरव बरमान, सुरेश सिंह बडकुर छीतापार, पी एस कौरव, आर के कौरव, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अन्नू कौरव, गजेन्द्र सिंह कौरव प्राचार्य रायपुर, बड्डे भैया कौरव, अरविन्द ममार कामती, नगर के आजाद वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सतीश कौरव के आलवा समाज के पत्रकार बंधु सहित छात्र छात्राओं के अभिभावक गण मौजूद थें। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ कौरव समाज के आराध्य भीष्म पितामह व माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। वही इसके उपरांत कौरव सेवा समिति द्वारा मुख्य अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट करते हुये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद पत्रकार जगत में समाज का नाम रोशन करने वाले पत्रकार प्रवीण कौरव करेली, मनीष ममार, उमेश कौरव, पवन कौरव, लाल साहब कौरव को भी कौरव सेवा समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इसके आलवा समाज के उन युवाओं को सम्मानित किया गया जो शासकीय पर रहते हुये कौरव समाज का नाम रोशन कर रहे है। इसके आलवा कक्षा बारहवी की वोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 में आयोजित केन्द्रीय व म प्र वोर्ड परीक्षा में कक्षा बाहरवी में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते हुये प्रतिभाशाली बने छात्र छात्राये यानि की कौरव समाज की गौरव शाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पधारे हुये अतिथियों ने कहा कि कौरव सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष सामाजिक प्रतिभाओ का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है जो कि सराहनीय कार्य है। क्योंकि हम देखते है कि हर समाज में इस तरह के आयोजन होते है। मगर हमारी समाज में इस तरह का आयोजन मुझे आज देखने मिला तो बड़ी खुशी हो रही है। इस तरह के आयोजनों से निश्चित तौर से समाज के युवा वर्ग का मनोबल बढ़ता है। आज सामाजिक प्रतिभाओ को सम्मानित करते हुए आत्मीय प्रसन्नता हो रही है। इस दौरान अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभाओं को उज्जबल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि आप लोग इस तरह के चौराहे पर पहुंच चुके है जहां पर आप लोगों के सामने अनेक रास्ते है। क्योंकि इस चौराहे से अलग अलग दिशाओं के लिये रास्ते जाते है। मगर आपकी प्रतिभा की परख तभी सफल होगी जब आप लोग सही रास्तें पर चलकर अपनी समाज का नाम रोशन करने में सफल होगे। क्योंकि आप लोगों को इस चौराहें पर आप लोगों को अनेक प्रकार के लोग मिलेगे। मगर सभी की बात सुनते हुये आगे की ओर बढ़ने की जरूरत है। वही कार्यक्रम के दौरान अन्य अतिथियों ने कहा कि



आज इस कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभाओं को मार्ग दर्शन देते हुये कहा कि जिन बेटा बेटियों द्वारा कक्षा 10 व 12 की वोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किये गये है निशित तौर से उनकी मेहनत का परिणाम है। मगर अब वह इस तिरहे पर खड़े है जिनके सामने अपने उज्जबल भविष्य के लिये सही रास्ता चुनने के लिये चुनौती है। क्योंकि इस तिरहा से अलग अलग रास्त सामने दिखाई देते है और उनके चयन में यदि चूक हुई तो उसका परिणाम क्या निकलेगा इसका किसी को पता नही रहता है और यदि सही रास्ता चुन लिया तो उज्जवल भविष्य बनने से कोई नही रोक सकता है। इसी तरह अन्य अतिथियों द्वारा भी समाज की प्रतिभाओं को संबोधित करते हुये उनके मनोंबल को बढ़ाया गया। इस दौरान अनेक छात्र छात्राओं द्वारा मंच के माध्यम से अपने विचार साझा करते हुये मार्ग दर्शन दिया गया।

## डोगरगांव पुलिस द्वारा युवक के पास से जप्त किया गया गांजा



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मादक पदार्थो के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीना के मार्ग दर्शन में चलाये जा रहे अभियान **OPERATION EAGLE CLAW OPERATION EAGLE CLAW** के तहत लगातार थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस समीपस्थ डोगरगांव थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर के पास एक युवक के पास से अवैध गांजा जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। बताया जाता है कि चलाई जा रही धरपकड मुहिम के तहत भ्रमण के दौरान डोगरगाँव पुलिस को एक व्यक्ति कल्याणपुर से आश्रम जाने वाले कच्चे रास्ते पर संदिग्ध अवस्था मे खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर खुद को छुपाने की कोशिश करता प्रतीत हुआ। इस तरह युवक की गतिविधियाँ संदिग्ध होने के चलते जब थाना प्रभारी प्रकाश पाठक की टीम द्वारा सच्चाई से उन्हें अवगत कराया गया तो पुलिस की नजरों में संदिग्ध बन चुके युवक का पीछा करते हुये पकड़ने के बाद पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम ब्रजेश उर्फ पारा उर्फ राजा पिता राजेश पारासर उम्र 21 वर्ष निवासी एमपीईबी कालोनी गाडरवारा का होना बताया गया। वही युवक की तलाशी देने पर उसके पास से पुलिस को युवक के पास से 570 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा कीमती करीब 12000 पाये जाने पर पुलिस द्वारा गांजा जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ एनडीपीस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में मुख्य रूप से थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रकाश पाठक, उपनिरी बबीता पहाड़े, सउनि शिशु पाल चौधरी, आर. सोबरन ठाकुर, महिला आरक्षक गिनी तिवारी की अहिम भूमिका देखने मिली।

## एनटीपीसी गाडरवारा में 'बालिका सशक्तिकरण अभियान का हुआ शुभारंभ







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

समीपस्थ चीचली क्षेत्र में स्थापित एनटीपीसी द्वारा क्षेत्र के आमजन सहित छात्र छात्राओं के आलवा महिलाओं के लिये आये दिन अनेक प्रकार के आयोजन करते हुये देखा जाता है। इसी क्रम में एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा 16 मई 2026 को 'बालिका सशक्तिकरण अभियान (GEM) 2026' का शुभारंभ किया गया। यह एक माह का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें परियोजना प्रभावित ग्रामों के सरकारी विद्यालयों से पाँचवीं कक्षा उत्तीर्ण बालिकाएँ भाग ले रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर राधेश्याम मौर्य, महाप्रबंधक (O&M), के आलवा राजीव त्रिपाठी महाप्रबंधक (परियोजना), बी. बी. पात्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, प्रतिभागी बालिकाएँ एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत एनटीपीसी गीत एवं स्वागत संबोधन से हुई। इसके पश्चात GEM पर आधारित एक प्रेरणा दायक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। पूर्व GEM प्रतिभागी बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिभागी बालिकाओं को संवाद कौशल, कंप्यूटर साक्षरता, योग, आत्मरक्षा, संगीत, नृत्य, कला, विज्ञान तथा नेतृत्व क्षमता जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह पहल उनके शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक एवं नैतिक विकास को सुदृढ़ बनाने में सहायक होगी।अपने संबोधन में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा "बालिकाओं का सशक्तिकरण केवल समाज की आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। शिक्षा, आत्मविश्वास और सही अवसरों के माध्यम से बेटियाँ हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकती हैं। ऐसे अभियान बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। GEM 2026 यह दर्शाता है कि एक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए किस प्रकार भविष्य की पीढ़ियों को सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास कर सकती है। यह पहल शिक्षा, समानता एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

## धूनी नगरी साईखेड़ा में भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, आयोजित हुये अनेक कार्यक्रम





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। न**

याय के देवता शनिदेव की जयंती बीते हुये शनिवार के दिन पड़ना निश्चित तौर से भक्तों के लिये शुभकारी होने के साथ साथ शनिवार का दिन व शनि अमावस्या सहित वट साबित्री अमावस्या का जो त्रिवेणी संगम बना हुआ था उसके चलते लोगों में शनिदेव की पूजन के लिये एक अनोखा उत्साह देखने मिल रहा था। इसी के चलते भगवान शनिदेव की जयंती शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रो में बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। वही दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में एक अनोखा उत्साह सुबह से ही दिखाई देना शुरू हो गया था। इसी के चलते स्थानीय मवेशी बाजार स्थित सिद्ध शनि मंदिर में शनिवार को शनि जयंती का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया



गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों की शुरुआत हो गई थी। प्रातःकाल नगर खेड़ापति शिवम बसेड़िया द्वारा भगवान शनिदेव का तेलाभिषेक, विधि-विधान से पूजन, हवन एवं महाआरती संपन्न कराई गई। मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने भगवान शनिदेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कन्या भोज, प्रसादी वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जो दोपहर से देर शाम तक चलता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। शनि मंदिर के पुजारी दुर्गा प्रसाद जोशी "इन्नू दादा" ने बताया कि इस वर्ष शनि जयंती का शनिवार के दिन पड़ना अत्यंत दुर्लभ और शुभ संयोग है, जो लगभग 13 वर्षों बाद बना है। उन्होंने कहा कि न्याय के देवता शनिदेव कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं तथा इस दिन व्रत, दान और पूजा-पाठ करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और शुभ फल की प्राप्ति होती है। शाम के समय भगवान शनिदेव की विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो दादा नगरी के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। शोभायात्रा में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। अंत में शोभायात्रा का समापन सिद्ध शनि मंदिर प्रांगण में हुआ। धार्मिक आयोजन में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर दिखाई दिया।

## औपचारिकता ही साबित हुई शासन की बच्चों को दूध पिलाने की योजना, बीते हुये सत्र के दौरान शायद ही किसी स्कूल में देखा गया

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।**

जिस प्रकार से शासन द्वारा सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में अध्ययन करने वाले बच्चों को सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने के साथ साथ उन्हें भोजन के आलवा बीते हुये कुछ वर्ष पहले दूध पिलाने की योजना भी शुरू की गई थी। मगर यह योजना मात्र एक औपचारिकता ही जान पड़ते हुए ही दिखाई दे रही है? जानकारी के अनुसार जिस प्रकार से प्रदेश शासन द्वारा कुछ वर्ष पूर्व यानि की वर्ष 2016 में शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं को माध्यान्ह भोजन के साथ साथ उन्हें स्वादिष्ट दूध पिलाने की योजना की शुरूआत करते हुए लाखो रूपया खर्च किया गया था और शुरूआती तौर पर यदि गौर किया जावे तो इस योजना को देखते हुए ते यह जान पड़ रहा था कि निश्चित तौर से इस योजना के चलते सरकारी स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चें हष्ट पुष्ट बनकर अपने देश का नाम रोशन करने से नही चूकेगे? और इस योजना की शुरूआत करने के पूर्व जहां शिक्षा विभाग द्वारा आदेश देते हुए सभी स्कूलों में इसका पालन करने के भी सख्त निर्देश जारी किये गये थे, जिसके चलते शासकीय स्कूलों में शासन द्वारा दूध पावडर



भेजते हुए बच्चों को दूध वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया था? मगर इस योजना की सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ दिनों तक तो यह योजना ठीक ठाक रूप से चलते हुए देखी जा रही थी। मगर इसके बाद अब यह योजना जहां स्कूलों में पदस्थ शिक्षको के साथ साथ बच्चों को भोजन देने वाले स्वः सहायता समूहों के लिए इस प्रकार से सिर दर्द बन चुकी थी कि वह बच्चों को दूध देने की जगह शासन द्वारा भेजे गये उस दूध पावडर के अब आग के हबाले करने से भी नही चूक रहे थें, जिसका उदाहरण शासकीय स्कूलों में इस योजना के शुरू होने के चंद माह बाद ही देखने मिलना शुरू हो गई थी? क्योंकि शासकीय स्कूल में जिस प्रकार से शाला प्रबंधन द्वारा बच्चों के लिए शासन द्वारा भेजे गये दूध पावडर के आग के हबाले किया जा रहा है उसे देखते हुए यह बात स्पष्ट होने लगी थी कि इस योजना के नाम पर सरकार द्वारा मात्र पैसा खर्च करते हुए वाही वाली लूटने का ही प्रयास किया गया है? जिसका परिणाम है कि शायद इस योजना को अमली जामा पहनाने को लेकर न तो अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही शिक्षा विभाग के वह लोग जिनके द्वारा इस योजना को शुरूआत कराने के नाम पर लेकर बड़ी बड़ी बाते करते हुए बैठकों का आयोजन कर योजना को सफल बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किये गये थे? मगर इस प्रकार से प्रशासनिक अधिकाारियों की उदासीनता का परिणाम है कि सरकार द्वारा बच्चों के हितों का ध्यान रखते इस योजना की शुरूआत की गई थी वह चंद दिन बीतने के बाद अब पूर्ण रूप से दम तोड़ चुकी है और शासन की यह योजना मात्र एक औपचारिकता ही बनकर रह गई है? क्योंकि बीते हुये सत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो तो शायद ही किसी स्कूलों में शासन की इस योजना के तहत बच्चों को दूध पीते हुए देखा गया हो? यदि इस योजना की सच्चाई पर गौर किया जावे तो प्रशासन अधिकारियों द्वारा इस योजना की शुरूआत करने के बाद ही जिस प्रकार से उदासीनता बरतना शुरू कर दिया गया था जिसका परिणाम है कि यह योजना अब सिर्फ कागजो तक सीमित रहने के बात लगभग समाप्त सी हो चुकी है?

# ओवर लोड हाईवा की चपेट में आने से चार मवेशियों की मौत

## एक गंभीर, हादसे के बाद चालक फरार, ग्रामीणों में आक्रोश

**शहपुरा।** मेहदवानी थाना क्षेत्र के कोसमघाट-रजगढ़ी मार्ग पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार मवेशियों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रेत से ओवरलोड तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से हुआ। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रेत से भरा हाईवा तेज गति से शाहपुरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे मौजूद मवेशियों को कुचलते हुए निकल गया। हादसा इतना भीषण था कि चार मवेशियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।





घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में लंबे समय से ओवरलोड रेत वाहनों का संचालन बेखौफ तरीके से किया जा रहा है। तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी के चलते आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पुलिस तथा पशु चिकित्सा विभाग को घटना की जानकारी दी। इसके बाद थाना प्रभारी शिवलाल मरकाम टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने हाईवा को पकड़कर थाने पहुंचाया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वाहन मालिक अधिक मुनाफे के लालच में क्षमता से अधिक रेत भरकर वाहनों का संचालन करवा रहे हैं, जिससे सड़कें हादसों का कारण बन रही हैं। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते ओवरलोड वाहनों पर सख्ती करता तो इस तरह की घटना टाली जा सकती थी।ग्रामीणों ने फरार चालक और वाहन मालिक के खिलाफ पशु क्रूरता, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र में संचालित ओवरलोड रेत वाहनों पर स्थायी कार्रवाई करने की मांग भी उठाई है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### श्री रुद्र महायज्ञ एवं नर्मदा पुराण कथा के आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

**अमरकंटक।** मध्यप्रदेश के पवित्र धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ नगरी अमरकंटक स्थित श्री मार्कण्डेय आश्रम में माँ नर्मदा की पावन धरा पर आयोजित होने जा रहे श्री रुद्र महायज्ञ एवं नर्मदा पुराण कथा को लेकर क्षेत्र सहित दूर-दराज़ के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह व्याप्त है। माँ नर्मदा सेवा समिति जिला मंगोली (छत्तीसगढ़) के तत्वावधान में आयोजित यह धार्मिक आयोजन इस वर्ष अपने चतुर्थ वर्ष में प्रवेश कर रहा है। कार्यक्रम का आयोजन परम पूज्य संत-महात्माओं के सान्निध्य में वैदिक विधि-विधान एवं धार्मिक आस्था के साथ संपन्न होगा। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया, चंद्र दर्शन 18 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा तथा ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी, गंगा दशहरा 26 मई को पूर्णाहुति के साथ समापन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ अनुष्ठान संपन्न होगा, वहीं प्रतिदिन सायं 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक श्री नर्मदा पुराण कथा का रसपान श्रद्धालु करेंगे। आयोजन के दौरान संत महात्माओं का सत्संग, कन्या भोज, भंडारा एवं प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। धार्मिक आयोजन में देशभर से संत-महात्माओं एवं विद्वान आचार्यों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजन में ब्रह्मलीन परमहंस जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद का विशेष उल्लेख किया गया है। साथ ही आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मऋषि श्रीराम कृष्णानंद महाराज एवं यज्ञाचार्य पंडित रामनरेश शास्त्री की उपस्थिति आयोजन को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान करेगी। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालु भक्तों से आग्रह किया है कि वे परिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर माँ नर्मदा की पुण्य सलिला तट पर आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ एवं नर्मदा पुराण कथा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त करें। समिति का कहना है कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में धर्म, संस्कृति, सद्भाव एवं मानव कल्याण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। अमरकंटक की पावन वादियों में होने वाला यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं सनातन परंपरा का अद्भुत संगम बनेगा, जहाँ वैदिक मंत्रों की गूंज और माँ नर्मदा की आराधना वातावरण को भक्तिमय बना देगी।

### भाजपा मंडल अनूपपुर ग्रामीण में नई नियुक्तियां घोषित, अभिषेक गुप्ता बने उपाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अनूपपुर ग्रामीण चचाई में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से मंडल के रिक्त पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण फुक्कू सोनी द्वारा जारी आदेश में कई पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश के अनुसार श्रीमती शकुंतला कोल को महामंत्री, प्रभाकर उर्मलिया को कोषाध्यक्ष एवं प्रकाश राय को सहकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं बरगवां निवासी युवा भाजपा नेता अभिषेक गुप्ता को मंडल उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। अभिषेक गुप्ता लंबे समय से भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता लगातार रही है। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, युवाओं के बीच मजबूत पकड़ एवं कार्यशैली को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताते हुए यह दायित्व सौंपा है। उनकी नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। यह नियुक्तियां मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार, संभागीय एवं जिला संगठन की सहमति तथा जिला भाजपा अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम एवं मंडल प्रभारी श्रीमती पार्वती राठौर के अनुमोदन उपरांत घोषित की गई हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।



# जिले में शासकीय लॉ कॉलेज को जल्द मिल सकती है मान्यता

**डिंडौरी।** जिले में शासकीय लॉ कॉलेज की स्थापना को लेकर लंबे समय से चल रही मांग अब पूरी होती नजर आ रही है। जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के प्रयासों के बीच बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा कॉलेज का सर्वे पूरा कर लिया गया है। साथ ही मान्यता के लिए आवश्यक शुल्क भी जमा करा दिया गया है, जिससे जल्द ही कॉलेज को आधिकारिक मान्यता मिलने की संभावना जताई जा रही है।प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित बैठक में प्राचार्य ने बताया कि शासकीय लॉ कॉलेज के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। भवन निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर बजट स्वीकृति हेतु वित्त विभाग को भेजा गया है।एडवोकेट सम्यक जैन ने बताया कि वे बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन मिश्रा से संपर्क कर मान्यता प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने का आग्रह करेंगे। वहीं, शासकीय विधि महाविद्यालय डिंडौरी के प्रभारी प्राचार्य विकास कुमार सिंह ने भी बीसीआई को पत्र भेजकर शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कराने की मांग की है।जयस के प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रपाल मरकाम ने कहा कि जिले को 53 वर्षों बाद शासकीय लॉ कॉलेज की सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने इसे संगठन के लगातार प्रयासों का परिणाम बताते हुए कहा कि कॉलेज की स्थापना से आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को अपने ही जिले में विधि शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।उन्होंने कहा कि लॉ कॉलेज शुरू होने से युवाओं में कानूनी शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी और आमजन भी अपने अधिकारों एवं कानून संबंधी जानकारी के प्रति अधिक जागरूक हो सकेंगे।बैठक में डॉ. पी.सी. उइके, जयस के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार नेटी, संभागीय उपाध्यक्ष जिया पन्द्रम, सचिव अजित पट्टा, पत्रकार चेतराम राजपूत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।जिले के विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों में शासकीय लॉ कॉलेज को लेकर उत्साह का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही जिले को मान्यता प्राप्त विधि महाविद्यालय की सौगात मिलेगी, जो शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# पशु तस्करी पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

**डिंडौरी।** जिले में अवैध पशु तस्करी और पशु क्रूरता के खिलाफ अभियान के तहत शाहपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 भैंस पड़े एवं तस्करी में प्रयुक्त एलपीडी 407 वाहन को जप्त किया है। इस कार्रवाई में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी गई है।पुलिस अधीक्षक डिंडौरी के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों और गौवंश तस्करी पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी शहपुरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शाहपुर निरीक्षक केवल सिंह परते के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर लगातार कार्रवाई की जा रही थी।
सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम सक्का से मालपुर मार्ग पर ग्राम खम्हरिया के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। जांच के दौरान वाहन क्रमांक **MP** 09 **GF** 1518 में 11 भैंस पड़े क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरे हुए पाए गए।पुलिस ने सभी



पशुओं को सुरक्षित मुक्त कराते हुए वाहन सहित जप्त कर लिया। मामले में थाना शाहपुर में अपराध क्रमांक 140/2026 दर्ज कर पशु क्रूरता अधिनियम की विभिन्न धाराओं एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।पकड़े गए आरोपियों में वाहन चालक अज्जू खान (छतरपुर), परिचालक मेहमूद खान (जबलपुर) तथा वाहन स्वामी फिरोज खान शामिल हैं। वहीं आजाद खान और भोला खान को सप्लायर तथा जुल्फीकार (जबलपुर) को पशु मंगवाने वाला बताया गया है।इस कार्रवाई में निरीक्षक केवल सिंह परते, एएसआई श्यामलाल उर्वे, एएसआई अतुल हरदहा, प्रधान आरक्षक खेमराज, आरक्षक अंकित मरावी एवं कमलेश भवेदी की अहम भूमिका रही।



# शंकर गौरी घाट में चला स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान

**डिंडौरी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रविवार को शंकर गौरी घाट में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान घाट परिसर और नर्मदा नदी को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सामूहिक श्रमदान कर व्यापक साफ-सफाई की।अभियान के अंतर्गत घाट के किनारों और नदी के जल में जमा पॉलिथीन, प्लास्टिक, कांच की बोतलें, पुराने जूते-चप्पल, पूजा सामग्री तथा जलीय वनस्पतियों में फंसे कचरे को बाहर निकाला गया। टीम ने घाट की सीढ़ियों और नदी क्षेत्र में जमा कई क्विंटल अपशिष्ट हटाकर घाट को स्वच्छ बनाया।इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज पांडे, सिविल सर्जन रमेश मरावी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी जयश्री मरावी, एस.के. झारिया, डॉ. अंकित अलावे एवं विक्की जमरा सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।स्वच्छता अभियान के दौरान एकत्रित कचरे को सुरक्षित निष्पादन के लिए नगर परिषद को सौंप दिया गया। अधिकारियों ने आमजन से नर्मदा घाटों की स्वच्छता बनाए रखने तथा प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री नदी में न फेंकने की अपील की।



# विश्व डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक आयोजित

**डिंडौरी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे द्वारा विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल सभागार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारियों को डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने अनुपयोगी एवं अनावश्यक पानी जमा नहीं होने देने, ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर मरीजों की शीघ्र जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने पर जोर दिया।इसके साथ ही गर्भवती पंजीयन, सार्थक पोर्टल पर उपस्थिति, एनआरसी में बच्चों की संख्या तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयश्री मरावी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. मनोज उरैती एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अमित जैन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सड़क हादसे में घायल युवक की मदद को रुके भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष

**शहपुरा।** जबलपुर-कुंडम मार्ग पर रविवार को मानवता की मिसाल देखने को मिली। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम ने सड़क पर घायल पड़े एक युवक की मदद कर संवेदनशीलता का परिचय दिया।जानकारी के अनुसार, पंकज सिंह तेकाम अपने सहयोगियों के साथ जबलपुर-कुंडम मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े एक बाइक चालक पर पड़ी। युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था और मौके पर मौजूद लोग उसकी स्थिति को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे थे।स्थिति को गंभीर देखते हुए तेकाम ने तुरंत अपना वाहन रुकवाया और सहयोगियों को घायल युवक की सहायता के निर्देश दिए। उन्होंने घायल को प्राथमिक उपचार दिलाने के साथ सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था भी करवाई। साथ ही उपस्थित लोगों से भी दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेकाम ने बिना किसी औपचारिकता के तत्काल मदद पहुंचाई, जिससे घायल युवक को समय रहते राहत मिल सकी। स्थानीय लोगों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के दौर में सड़क हादसों में लोग अक्सर तमाशबीन बने रहते हैं, ऐसे में किसी जनप्रतिनिधि का रुककर सहायता करना प्रेरणादायक है। पंकज सिंह तेकाम ने कहा कि संकट के समय जरूरतमंद की सहायता करना सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि समय पर उपचार मिल सके।



# नर्मदा तट पर आयोजित हुआ “समर कैंप स्पोर्ट्स 2026” का योग कार्यक्रम

**डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित “समर कैंप स्पोर्ट्स 2026” के अंतर्गत रविवार को मां नर्मदा नदी तट पर पुल के समीप विशेष योग एवं फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों, स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम में एसडीएम रामबाबू देवांगन, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मोहम्मद अहमद खान, नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।विभाग के प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों के मार्गदर्शन में योगासन, स्ट्रेचिंग और एरोबिक गतिविधियां कराई गईं। प्राकृतिक एवं शांत वातावरण में आयोजित योग सत्र ने प्रतिभागियों को स्वास्थ्य, ऊर्जा और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया।समर कैंप में शामिल बच्चों के साथ अभिभावकों एवं आमजन ने भी योग गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों को नियमित व्यायाम, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा।खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में लगातार खेल, योग, फिटनेस एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विभाग ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया।



# ग्राम पंचायत चांदपुर में ग्राम सभा आयोजित, श्रम योजनाओं की दी जानकारी



**डिंडौरी।** जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदपुर में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में श्रम विभाग द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं श्रम कानूनों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान श्रम योगी मानधन पेंशन योजना, न्यूनतम वेतन, संबल योजना, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजना, ई-केवाईसी, श्रम कानून, बाल एवं किशोर श्रमिक अधिनियम तथा बंधुआ श्रम उन्मूलन अधिनियम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।अधिकारियों ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा श्रमिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।ग्राम सभा में पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### संचार के नाम पर राष्ट्र को कर रहे कलंकित-जितेंद्र सिंह

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** भारतीय दूरसंचार विभाग के घटिया कार्य प्रणाली की सीबीआई से जांच करने एवं निजी कंपनियों के द्वारा टैरिफ में की जा रही बेतहाशा वृद्धि पर नियंत्रण लगाने के संबंध में समाज सेवी जितेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री गृहमंत्री एवं संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखा है। हिंदुस्तान के करोड़ों उपभोक्ताओं द्वारा दूरसंचार विभाग की क्रांतिकारी आवाज बन कहा की भारत सरकार द्वारा भारतीय दूरसंचार विभाग की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी ताकि समूचे राष्ट्र में दूरसंचार की कार्य प्रणाली बेहतर सेवा मुस्तैदी के साथ उपलब्ध कराये ताकि सुदूर ग्रामीण अंचलों को सेवा प्रदान हो सके।

## खबर संक्षेप

### अवैध परिवहन करते हुए 2 ट्रेक्टर ट्राली जब्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में राजस्व, पुलिस एवं परिवहन विभाग के संयुक्त रूप से खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए निरीक्षण किया गया। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दो ट्रेक्टर ट्राली खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर प्रकरण तैयार किया गया। उक्त दोनों ट्रेक्टर ट्राली वाहनों को पुलिस अभिरक्षा के लिए पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में रखा गया। संयुक्त दल के द्वारा तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कन्हैरी में मार्बल खदान का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।

### प्रभारी मंत्री ने कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद चैधरी दर्शन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यि, विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल, विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश, रामसनेही पाठक और कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शनिवार को कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर परिसर से किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र नागेश, अन्य जनप्रतिनिधि, उपसंचालक कृषि मोरिस नाथ, परियोजना संचालक आत्मा आरपी झारिया, अनुविभागीय कृषि अधिकारी अभिषेक दुबे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, बीटीएम एटीएम एवं अन्य किसान मौजूद थे। जिले के विकासखंडों में कृषि रथ 25 मई 2026 तक भ्रमण कर किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं और नवीन तकनीकों की जानकारी प्रदान करेगा। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी, वैज्ञानिक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों से अवगत कराएंगे। भ्रमण के दौरान किसानों को विशेष रूप से ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत उर्वरक वितरण, नरवाई प्रबंधन, आगामी खरीफ फसल की बोनी की तैयारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा समन्वित खेती के विषय में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

### दीवान परिवार में शोक



**तेंदूखेड़ा।** प्रतिष्ठित ग्राम इमझिरा के दीवान परिवार में दीवान बसंत राज सिंह सरोज सिंह की पूज्य माताजी श्रीमती बती बाई दीवान का 103 वर्ष की लंबी आयु के बाद देवलोकगमन हो जाने पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। वयोवृद्ध माता जी दीवान शैलेंद्र सिंह नरेश सिंह अर्जुन सिंह इंद्रजीत सिंह कृष्णपाल सिंह की दादी थीं।

### आत्म चिंतन के लिए सर्वोत्तम है पुरुषोत्तम मास

**तेंदूखेड़ा।** लगभग तीन वर्ष में आने वाला अधिक मास पुरुषोत्तम मास के नाम से जाना जाता है। इस माह के अधिपति परम पुरुष पुरुषोत्तम आदि नारायण है।शास्त्र परम्परा में प्रत्येक महीने का अपना अलग महत्व है। ज्योतिष रत्न ज्योतिष शिरोमणि आचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया की ज्योतिष शास्त्र के सिध्दांतों के अनुसार सौर वर्ष 365 दिन का होता है और चान्द्र वर्ष 354 दिन का होता है। इन दोनों के लगभग 11 दिन के अंतर को समायोजित करने के लिए लगभग 32 माह 16 दिन में एक अधिक मास बन जाता है। यह महीना सूर्य की संक्रांति से हीन होता है। इसे मलमास भी कहा जाता है।

# जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल ...सिस्टम का सितम या कर्मचारियों की लापरवाही

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ो रूपए स्वीकृत कर अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देने की बात करती है लेकिन प्रषासन के गैरजिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोगों बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नही मिल पाती है। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय स्थित जिला चिकित्सलय से सामने आया जहां पर सुविधाएं ना मिल पाने के कारण महिला की मौत हो गई। बताया गया कि महिला को हृदयाघात के कारण जिला चिकित्सालय के आईयूसी वार्ड मे भर्ती किया गया उसकी हालत खराब होने के कारण डाक्टरों द्वारा जबलपुर रेफर किया गया। परिजनों को एंबुलेंस में ऑक्सीजन न होने कारण समस्या हुई और वृद्ध महिला की मौत हो गई। अब इसे सिस्टम का सितम कहे या कर्मचारियों की लापरवाही।



### मामला इस प्रकार

शासकीय जिला अस्पताल परिसर से मानवता को शर्मसार और व्यवस्था के दावों को बेनकाब करने वाली एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई है। 108 एंबुलेंस सेवा की लापरवाही ने एक हंसते-खेलते परिवार की उम्मीदें हमेशा के लिए छीन लीं। ग्राम सूरवारी की रहने वाली 65 वर्षीय वृद्धा शम्मो बी को हृदयाघात के बाद जिला अस्पताल के आईसीयू में दाखिल कराया गया था। जब चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जबलपुर रेफर किया, तब परिजनों को जरा भी अंदाजा नहीं था कि उन्हें अपनी ही व्यवस्था से इस कदर लड़ना पड़ेगा। अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस (सीजी 04 एनएस 4594) तक मरीज को पहुंचाने के लिए परिजनों को पहले व्हीलचेयर का सहारा लेना पड़ा। दर्द और बेबसी का यह सफर यहीं खत्म नहीं हुआ। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था आए दिन जर्जर होती जा रही है प्रशासन को चाहिए की ठोस कार्रवाई कर स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार किया जाए। जिससे आगे ऐसी घटनाएं न हो सके।

### कंधे पर उठाकर भागे परिजन

परिजनों का आरोप है कि जब मरीज को एंबुलेंस के भीतर लिटा दिया गया, तब ऐन वक्त पर एंबुलेंस कर्मी ने यह कहकर हाथ खड़े कर दिए कि सिलेंडर में ऑक्सीजन कम है और दूसरा सिलेंडर मंगवाना पड़ेगा। जिंदगी और मौत के बीच झूलती बुजुर्ग महिला के परिजन करीब आधे घंटे तक अस्पताल परिसर में खड़े होकर असमंजस और खौफ के साए में इंतजार करते रहे। जब सिस्टम की सुस्ती ने परिजनों के सब्र का बांध तोड़ दिया, तो उनका आक्रोश फूट पड़ा। हर बीतता पल मरीज की सांसों को कम कर रहा था, लिहाजा बेबस पुत्र हसन अपनी तड़पती बुजुर्ग मां को एंबुलेंस से उतारकर करीब 150 मीटर तक अपने कंधों पर उठाकर अस्पताल के मुख्य गेट की तरफ भागे। यह मंजर जिसने भी देखा, उसका दिल दहल गया और सरकारी दावों के प्रति गुस्सा उबल पड़ा। मुख्य गेट से परिजन जैसे-तैसे उन्हें एक ऑटो में लिटाकर सुभाष पार्क स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इलाज के दौरान वृद्धा ने दम तोड़ दिया। बिलखते परिजनों का बस एक ही रुदन है कि अगर वक्त पर ऑक्सीजन और एंबुलेंस मिल जाती, तो शायद उनकी मां आज जिंदा होतीं।

## कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण



कलेक्टर रजनी सिंह ने जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, मेडिसिन विभाग, हड्डी रोग विभाग, जनरल ओपीडी, नाक-कान-गला विभाग (ईएनटी), दवा वितरण केंद्र तथा फिजियोथेरेपी इकाई आदि का अवलोकन निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने अस्पताल पहुंचे मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाइयों की व्यवस्था तथा अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों और उनके साथ आए परिजनों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल, कूलर एवं पंखों की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. जीसी चौरसिया, आरएमओ डॉ. राहुल नेमा तथा जिला चिकित्सालय प्रबंधक डॉ. आरके डेहरिया मौजूद थे।

# छत्तरपुर घाट के पास मिला डूबे युवक का शव

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शनिवार की दोपहर नर्मदा के रेतघाट बरमान में नहाने के दौरान सागर निवासी दो युवक गहराई में जाने से डूबने लगे। जिसमें एक युवक को तो नाविकों ने बचा लिया लेकिन दूसरे का दिनभर पता नहीं चल सका। एसडीइआरएफ की टीम स्थानीय नाविकों की मदद से रेस्क्यू करने में लगी रही। रविवार को डूबे युवक का शव नर्मदा के छत्तरपुर घाट के पास मिला। करेली पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। घटना में बताया जाता है कि शनिवार को सागर निवासी सौरभ पिता जयकुमार रजक 30 वर्ष एवं अंश पिता शिवराज यादव परिवार के साथ अमावस्या स्नान करने बरमान रेत घाट आए थे। सौरभ व अंश एक साथ नहा रहे थे जो नहाने के दौरान दोनों घाटों को जोड़ने वाले पुल के पास चले गए, यहां अचानक दोनों गहराई में चले गए और डूबने लगे। युवकों को डूबते हुए वहां मौजूद नाविकों ने देखा तो किसी तरह अंश को सुरक्षित निकाल लिया, लेकिन सौरभ गहराई में जाकर लापता हो गया। युवकों के पड़ोसी यश यादव ने बताया कि उसका परिवार और सौरभ व अंश के साथ आए लोग कुछ देर पहले ही नहाकर नर्मदा से बाहर आए थे, कि यह हादसा हो गया। करेली थाना प्रभारी रत्नाकर हिंग्वे ने बताया कि डूबे युवक सौरभ के संबंध में पहले गुम इंसान कायम किया गया था। रविवार को उसका शव छत्तरपुरघाट के पास मिलने के बाद मामले में मर्ग कायम कर किया गया है। रेस्क्यु टीम प्रभारी हवलदार बृजमोहन श्रीवास्तव, संजय ठाकुर, सिद्धार्थ पाराशर, राजेंद्र, बृजेकिशोर, जमनाप्रसाद की टीम ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से बरमान से करीब 8 किमी दूर छत्तरपुर घाट से शव को बरामद किया। नर्मदा के बरमानघाट में स्नान के दौरान हर दिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं, गर्मी का मौसम होने से नहाते समय कई लोग अपनी सुरक्षा को लेकर इतने लापरवाह हो जाते हैं कि वह गहरे पानी में चले जाते हैं। करीब एक माह के अंतराल में यहां डूबने की घटनाएं पूर्व में भी कई हो चुकी हैं। पर्व दिवसों पर यहां पुलिस तैनात रहती है, लोगों को समझाइश भी देती है, वहीं नाविक भी लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए नर्मदा के तेज बहाव व गहराई की जानकारी देते हैं। लेकिन इसके बाद भी तैरने और गहराई में नहाने की होड़ में कई लोग घटनाओं का शिकार हो जाते हैं।

### पत्नी के वियोग में लगाई फांसी मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के तिंदनी रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां 45 वर्षीय विक्रम पिता स्वर्गीय करन पटेल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कुछ दिनों पहले विक्रम का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद उसकी पत्नी नाराज होकर अपने मायके डोंगरगांव चली गई थी। बताया जा रहा है कि पत्नी के मायके जाने के बाद विक्रम घर में अकेला रह रहा था। इसी दौरान उसने अपने घर के खुले बरामदे में छत पर लगे लोहे के कुंदे से रस्सी बांधकर फंदा लगाया और आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना स्थल खुला होने के कारण मोहल्ले के एक व्यक्ति की नजर विक्रम पर पड़ी। मोहल्ले के व्यक्ति ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रस्सी काटी और विक्रम को नीचे उतारा। इसके साथ ही घटना की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक विक्रम की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए शासकीय जिला अस्पताल भेज दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आत्महत्या के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## कांग्रेस द्वारा निकाला गया मशाल जुलूस



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस राम मंदिर से सुभाष पार्क चैराहा तक निकाले गए इस विशाल मशाल जुलूस में कांग्रेसजनों ने विद्यार्थियों के समर्थन में जोरदार आवाज बुलंद करते हुए नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए शिक्षा मंत्री को बर्खास्त कर , सी बी आई जांच की मांग की । उक्त मशाल जुलूस में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटैल ,जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी दीवान शैलेन्द्र सिंह , पूर्व जिलाध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी , आनंद चैरसिया , अभिषेक पटेल , संजय कौरव , अजय दुबे , भगवान सिंह गुजर , संजय मेहरा , सौरभ रिछारिया , देवेंद्र प्रजापति , राजा ठाकुर , अमित श्रीवास्तव , बुध्दि प्रकाश विश्वकर्मा , तोपसिंग महोबिया ,रीतेश नामदेव, राजा राय, पलाश पटैल , यासीन मनचला ,नीलेश ढिमोले , निकिता सक्सेना , सत्यव्रत कौरव , प्रियंक कहार, गोल्डी खान, आजाद खान , बिट्टू किंग , निखिल सराठे , प्रिंस पटेरिया , सोमनाथ पटैल , संजय तिवारी ,महेंद्र लोधी ,विकास पटैल , शुभ गोस्वामी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

## पुलिस ने जब्त किए 80 हजार रूपए के पटाखा, मामला दर्ज



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली पुलिस आमजन की सुरक्षा को दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर पटाखा एवं विस्फोटक पदार्थों की बिक्री एवं भंडारण करने वालों की सघन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक प्रतिष्ठान की जांच पर पटाखा भंडारण अनियमितता में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति मनीष कुमार साहू पिता डोरी लाल साहू, निवासी शास्त्री वार्ड, नरसिंहपुर के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए मामला पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही के दौरान पुलिस द्वारा संबंधित संचालकों को विस्फोटक एवं पटाखा सामग्री के सुरक्षित भंडारण, वैध दस्तावेज रखने एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए हैं। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने करीब 80 हजार रुपये के मशरूम पटाखे किए जब्त किए गए है। आरोपी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस, 5, 9 (1) (ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्रवाई में उनि मनीष मरावी, आरक्षक जितेन्द्र ठाकुर, पंकज राजपूत, प्रहलाद माधवे एवं रोहित चंपुरिया की सराहनीय भूमिका रही है।

## संभागायुक्त ने जिले के गेहूं खरीदी केंद्रों का किया सघन निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस संभागायुक्त धनंजय सिंह ने जिले के गोटेगांव तहसील के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के साथ भ्रमण कर सघन निरीक्षण किया। उन्होंने कमल वेयर हाउस कंजई, पारस वेयर हाउस गर्रा रोड, बालाजी वेयर हाउस, जैन वेयर हाउस श्रीनगर, जय श्री वेयर हाउस सिवनी बंधा एवं जय मारुति वेयरहाउस लाठगाँव के खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर उपार्जन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जयश्री वेयर हाउस सिवनी बंधा खरीदी केंद्र में निरीक्षण के दौरान बोरों की तुलाई में वजन संबंधी विसंगतियां और उपस्थित किसानों द्वारा खरीदी शिकायत बिन्दू पर उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं से स्पष्टीकरण लेकर कार्यवाही करने के निर्देश संभागायुक्त द्वारा दिए गए। इसी प्रकार जैन वेयर हाउस श्रीनगर खरीदी केंद्र में तुलाई के कांटे कम पाए जाने से निर्धारित गाइड लाइन अनुसार बढ़ाए जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियो को दिए गए। बालाजी वेयर हाउस गर्रा रोड खरीदी केंद्र पर उपार्जित गेहूं परिवहन की समस्या पाए जाने पर क्षेत्रीय प्रबन्धक नागरिक आपूर्ति निगम एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री सिंह द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों पर तुलाई हेतु मजदूरों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित करें एवं तौल काटों की निर्धारित संख्या भी बढ़ाना सुनिश्चित करें ताकि किसानों की गेहूं खरीदी तत्परता और सहूलियत के साथ की जा सके। साथ ही प्रत्येक खरीदी केंद्र पर जितनी मात्रा में गेहूं खरीदी की जाए उसका परिवहन भी अतिशीघ्र कराए ताकि किसानों को समय पर भुगतान की कार्यवाही की जा सके। संभागायुक्त द्वारा खरीदी केंद्रों पर किसानों से संवाद कर उनके द्वारा ली गई गेहूं उपज की किस्म एवं प्रति एकड़ उत्पादन तथा सिंचाई संसाधनों की जानकारी ली गई। साथ ही खरीदी केंद्रों पर किसी प्रकार की समस्याओं एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी चर्चा कर जानकारी ली। संभागायुक्त द्वारा विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक खरीदी केंद्र पर पर्याप्त संसाधन एवं कृषकों के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए गेहूं उपार्जन की कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय प्रबन्धक नागरिक आपूर्ति निगम, संयुक्त संचालक कृषि, संयुक्त आयुक्त सहकारिता, जिला आपूर्ति अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## डॉ सोनी को मिला बुंदेलखंड साहित्य शिरोमणि सम्मान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस दतिया के महाराजा गोविंद देव पैलेस सिविल लाइंस में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी जिसका विषय बुंदेलखंड साहित्य विद्या रहा साथ ही बुंदेलखंड सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी के अकादमिक सत्र की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष गणित प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शास स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के डॉ गनेश कुमार सोनी ने की। उन्होंने देश के विभिन्न प्रांतों से साहित्यकार शोधार्थियों के बीच बुंदेलखंड की साहित्य विद्या पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि अतीत और वर्तमान को जोड़ने के लिए इसका संरक्षण आवश्यक है। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि दतिया के महाराजा गोविंद देव , प्रवक्ता बुंदेलखंड साहित्य विषेशज्ञ, विशिष्ट अतिथि परिणीता राजकुमारी, भारत उत्थान न्यास के केंद्रीय अध्यक्ष आचार्य सुजीत कुंतल तथा पीतांबर पीठ संस्कृत महाविद्यालय की कार्यक्रम संयोजक डॉ आशा पाठक की उपस्थिति में साहित्यकार शिक्षाविद् डॉ सोनी को बुंदेलखंड साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। नरसिंहपुर जिले के लिए यह गौरव की बात है, जिन्होंने जिले का नाम रोशन किया। आप गणित विषय के साथ शिक्षा के क्षेत्र के अलावा साहित्यिक-सांस्कृतिक, सामाजिक तथा पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े हुए हैं।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू बीमारी से बचाव हेतु दिलाई जागरूक की शपथ




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस जिला मलेरिया कार्यालय नरसिंहपुर में मनाया गया। कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने डेंगू बीमारी की रोकथाम एवं बचाव की शपथ ली। साथ ही जिला चिकित्सालय परिसर में जनजागरूकता संबंधी पम्पलेटों का वितरण कर बीमारी के बचाव व रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय डेंगू दिवस डेंगू नियंत्रण के लिये जन भागीदारी जांच करें, सफाई करें और ढकें की थीम पर आयोजित किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. राजकिशोर पटेल ने बताया कि एडीज मच्छर के काटने से डेंगू बुखार का वायरस व्यक्ति के शरीर के अंदर फैलता है। उन्होंने डेंगू बुखार की रोकथाम के लिए आम नागरिकों से अपील की है कि वे घरों की सीमेंट एवं प्लास्टिक की पानी की टंकी को ढककर रखें। सप्ताह में एक बार घरों के कूलरों को अवश्य साफ करें। एडीज मच्छर दिन में काटते हैं। इससे बचाव के लिए फुल आस्तीन के कपड़े पहने, शरीर ढंककर रखें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें और अपने घरों में नीम की पत्ती का धुंआ करें। यदि किसी व्यक्ति को बुखार आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर निःशुल्क खून की जांच करवाएं। डेंगू बीमारी होने पर पूर्ण उपचार लें और भरपूर तरल पदार्थ का सेवन करें। इस अवसर पर प्रभारी एएमओ जगदीश प्रसाद धुर्वे, प्रभारी टेक्नीकल शाखा मलेरिया रामनरेश दुबे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग में वंदना विषय पर चर्चा



**तेंदूखेड़ा।** केशव शिक्षा समीति महाकौशल प्रांत द्वारा चल रहे आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग के द्वादश दिवस के वंदना सत्र में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती ॐ एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वंदना की। इस सत्र में श्रीराम अरावकर जी सह संगठन मंत्री विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान एवं केशव शिक्षा समिति महाकौशल प्रांत जबलपुर के प्रादेशिक सचिव ईश्वरदास पटेल मंचासीन रहे। अतिथि परिचय संतकुमार शुक्ला सह प्रांत प्रमुख ने एवं अतिथि स्वागत गोविंद किरार जिला समन्वयक माधव ग्राम भारती नरसिंहपुर ने किया।

वंदना उपरांत प्रशिक्षार्थियों द्वारा निर्मित ग्राम ज्योति पत्रिका का विमोचन किया गया। श्री अरावकर ने अपने उद्बोधन में हमारी वंदना विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कहा कि वंदना विद्यालयों में शुद्ध संगीतमय एवं वंदना लयबद्ध हो। वंदना का अक्षरशः अर्थ भी भैया बहिनों को ज्ञात हो। साथ ही विद्यालय विकास शैक्षणिक गुणवत्ता एवं आचार्य का विकाश ऐसा हो कि वह सर्वगुण हो उसके ज्ञान एवं सीखने की क्षमता का लगातार विकास हो। इस अवसर पर प्रांत प्रमुख अरविंद सिंह ठाकुर सह प्रांत प्रमुख संतकुमार शुक्ला एवं विभिन्न जिलों के जिला समन्वयक सह समन्वयक समस्त शिक्षक इस सत्र में उपस्थित रहे। आभार प्रांत प्रमुख अरविंद सिंह ठाकुर ने ज्ञापित किया।